**निबंधन एवं शर्तें (टीओआर) - परामर्शदाता/ वरिष्ठ परामर्शदाता- सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी)**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) की स्थापना राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत जन स्वास्थ्य प्रणाली के सुदृढ़ीकरण के लिए राज्यों को तकनीकी सहायता प्रदान करने तथा क्षमता निर्माण में सहायता करने हेतु एक स्वायत्तशासी पंजीकृत सोसायटी के रूप में गई है। एनएचएसआरसी स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से पूर्णतया संविदा आधार पर निन्मलिखित पदों पर भर्ती करने का इच्छुक है:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| पद का नाम | वरिष्ठ परामर्शदाता/ परामर्शदाता- सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) | | |
| पदों का संख्या | 1 | | |
| अवधि | एक वर्ष | | |
| स्थान | नई दिल्ली | | |
| पद का प्रकार | संविदा पर | | |
| पद | न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता | न्यूनतम अनुभव | परिश्रमिक |
| परामर्शदाता | यूजीसी/एआईसीटीई के मान्यताप्राप्त संस्थान से स्नातकोत्तर (कंप्यूटर विज्ञान/ सूचना प्रौद्योगिकी/इलॅक्ट्रॉनिक्स)<br><br>अथवा<br>एमबीए (सूचना प्रौद्योगिकी/प्रणाली)<br><br>अथवा<br>बी टैक (सूचना प्रौद्योगिकी/(कंप्यूटर विज्ञान/ इलॅक्ट्रॉनिक्स) और एमबीए (पूर्णकालिक) | 3 वर्ष अथवा इससे ज्यादा | 60,000/- रुपए से 90,000/- रुपए प्रति माह |
| वरिष्ठ परामर्शदाता | | 7 वर्ष अथवा इससे ज्यादा | 90,000/- रूपए से 1,20,000/- रुपए प्रति माह |
| आयु सीमा | दिनांक 24/01/2017 को अधिकतम आयु 45 वर्ष | | |
| वांछित दक्षताएं | • एमएस ऑफिस, एप्लीकेशन टेस्टिंग, मोबाइल प्रौद्योगिकियों का आधारभूत ज्ञान, स्वास्थ्य में आईसीटी, डाटा विश्लेषण, डाटा माइनिंग एवं रिपोर्टों में निपुणता।<br>• डाटा एकत्रण, विश्लेषण तथा रिपोर्टें तैयार करने के लिए टूल एवं कार्यनीतियां बनाने में अनुभव।<br>• उत्कृष्ट संप्रेषण तथा प्रदर्शन दक्षताएं, विश्लेषणात्मक एवं अंतर वैयक्तिक | | |

| | |
|---|---|
| | क्षमताएं, अंग्रेजी बोलने व लिखने का उत्कृष्ट ज्ञान होना। हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान भी वांछनीय है।<br>• बहु-विषयक दल युक्त परिवेश में कार्य करने की क्षमता।<br>• तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों तथा जिलों में यात्रा करने हेतु इच्छुक होना चाहिए तथा एक ही समय अलग-अलग कार्यों को निष्पादित करने की क्षमता होनी चाहिए ताकि सौंपे गए कार्य को नियत समय-सीमा में पूरा किया जा सके।<br>• केंद्र/राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र के स्वास्थ्य विभाग के साथ कार्य करने का अनुभव-प्राप्त अभ्यार्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। |
| दायित्व एवं उत्तरदायित्व | • कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए विभागों (केंद्र, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र और अन्य सम्मिलित हितधारक) से कार्यात्मक एवं तकनीकी अपेक्षाएं समझना तथा गुणवत्ता युक्त एवं मानक संकल्पना दस्तावेज, डिजाइन दस्तावेज, प्रक्रिया प्रवाह दस्तावेज, कार्यान्वयन फ्रेम-वर्क, दिशानिर्देश, प्रोटोकॉल तथा अपेक्षाओं संबंधी प्रयोक्ता निर्देशिका तैयार करना।<br>• मौजूदा एमसीटीएस/आरसीएच प्रणालियां के साथ विश्लेषणात्मक फ्रेमवर्क को प्रचालित एवं एकीकृत करने के लिए सरकारी/मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ संपर्क स्थापित करना।<br>• एमसीएचएस/आरसीएच प्रणालियों तथा अन्य मानक स्रोतों से इसके प्रचालन हेतु अनिवार्य आईटी प्लेटफार्म सहित डाटा के एकीकरण एवं वैधीकरण हेतु साधन विकसित करना।<br>• एमसीटीएस/आरसीएच एप्लीकेशन के सुदृढ़ीकरण के लिए अनमोल, किलकारी, मोबाइल अकदमी, आरसीएच सिटीजन पोर्टल तथा अन्य एप्लीकेशनों के लिए प्रशिक्षण प्रदान करना, समीक्षा करना और कार्यान्वयन हेतु सहायता प्रदान करना।<br>• समस्याओं का समाधान करना, एप्लीकेशन की जांच करना, संदिग्ध क्षेत्रों को ढूंढना और मौजूदा प्रणाली में सुधार लाने के लिए विशेषज्ञ सहायता प्रदान करना।<br>• राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को कार्यान्वयन सहायता एवं मार्गदर्शन प्रदान करना तथा आईटी से संबद्ध सभी टीओआर में क्षमता निर्माण/ प्रशिक्षण में सहायता प्रदान करना।<br>• कार्यान्वयन कवरेज तथा अंतराल के संबंध में राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों तथा अन्य सहभागी हितधारकों के साथ समय-समय पर अनुवर्ती कार्रवाई करना, कमियों/चुनौतियों के संबंध में संक्षिप्त रिपोर्ट तैयार करना, तकनीकी प्रशिक्षण मॉड्यूल को तैयार करने में कदद करना तथा संसाधन सामग्री तैयार करना।<br>• अन्य हितधारकों की उत्तम परिपाटियों को ध्यान में रखते हुए मानीटरिंग एवं |

| | |
|---|---|
| | मूल्यांकन फ्रेमवर्क को एकीकृत करने की दृष्टि से वेब आधारित कार्यक्रम तथा प्रयोक्ता दिशानिर्देश, प्रक्रियाओं एवं साधनों की समीक्षा तथा इन्हें पुन: डिजाइन करना।<br>• यथापेक्षित फील्ड दौरे करना।<br>• रिपोर्टिंग प्राधिकारी द्वारा समय-समय पर सौपें गए अन्य कार्यों को निष्पादित करना। |
| अन्य शर्तें एवं निबंधन | • त्यागपत्र देने पर अभ्यर्थी को एक माह का नोटिस दिया जाना चाहिए।<br>• परियोजना के लिए भारत में कहीं यात्रा करने के लिए तैयार होना चाहिए। |

**आवेदन कैसे करें:** कैंडिडेट्स को अनुरोध किया जाता हैं के वह निर्धारित आबेदन पत्र को डाउनलोड करे और विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र के ई.मेल mcts.recruitment@nhsrcindia.org में दिनांक **24-Jan-2017** को अपराह्न्न **4** बजे तक **अवश्य भेज दे**। केवल निर्धारित ToR **के साथ संलग्न आवेदन पत्र** में ही आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

नोट:

- कृपया आवेदन पत्र में आयु, डिग्री उत्तीर्ण करने का वर्ष, मौजूदा तथा विगत रोजगार संबंधी ब्यौरा (दिनांक –माह-वर्ष प्रपत्र में) देना अनिवार्य है जिसके बिना इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- कृपया आवेदित पद के संबंधित विषय (ई-मेल में) पर सही उल्लेख करना सुनिश्चित करें, जिसके बिना इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- अर्हता के उपरांत प्राप्त अनुभव पर ही विचार किया जाएगा।